



# पराली न जलाने हेतु किसानों को किया जाए जागरूक : सिंह

## समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर आदित्य सिंह ने अधिकारियों को दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** पराली न जलाने हेतु कृषकों को जागरूक किया जाए साथ ही शासन निर्देशों का उल्लंघन करते हुए पराली जलाने वाले कृषकों पर प्रावधान अनुसार कार्यवाही की जाए। कृषकों को जागरूक करने हेतु संबंधित अधिकारियों द्वारा सत्त भ्रमण किया जाएं। ग्रामीण क्षेत्रों में पात्र हितग्राहियों की ई-केवायसी कराए जाने हेतु शिविरों का आयोजन किया जाए इस आशय के निर्देश कलेक्टर आदित्य सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि कलेक्टेर/कमिश्नर कॉन्फ्रेस के विषयों से संबंधित विभाग अपना पालन प्रतिवेदन अपडेट कर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि सहरिया/आदिवासी हस्तशिल्प को बढावा दिया जाए। साथ ही अपेक्षित कार्य योजना तैयार कर इस दिशा में कार्य किए जाए। उन्होंने सीएम हेल्प लाइन के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों के निराकरण के संबंध मे विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग सीएम हेल्प लाइन की ग्रेडिग में आवश्यक सुधार लाएं। उन्होंने सीएम डेस बोर्ड तथा समाधान ऑनलाइन से संबंधित विषयों के संबंध में विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही सभी विभाग समय सीमा के पत्रों का जबाब समय पर भेजना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के आवेदनों का विभागवार निराकरण की समीक्षा करते हुए संवेदनशीलता के साथ आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। विभागीय बजट की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि विभागीय अधिकारी योजनावार मदो में प्राप्त आवंटन का उपयोग समय पर किया जाए। उन्होंने एकल सेवा पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों के संबंध में निर्देश दिए कि आवेदनों का निराकरण तत्परता के साथ किया जाएं।



### गौशालाओं का संचालन हो बेहतर:

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में स्थित गौ शालाओं का संचालन बेहतर तरीके से किया जाए। इसके लिए अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर पालन प्रतिवेदन प्रति सप्ताह भिजवाया जाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि ऐसी नवीन गौशालाएं जो पूर्ण हो चुकी है उन गौ शालाओं को संबंधित ग्राम पंचायत को सौपी जाएं। उन्होंने पशुओं की टेगिंग का कार्य गंभीरता के साथ कराए जाने के निर्देश दिए।

### परामर्शदात्री समितियों की बैठकें हों नियमित

कलेक्टर श्री सिंह ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया की कर्मचारियों के हितों को दृष्टिगत रखते हुये। परामर्शदात्री समितियों की बैठकें नियमित रूप से हों यह सुनिश्चित किया जाए। साथ इन बैठकों में कर्मचारियों की समस्याकओं का निराकरण कराए जाये। बैठक में नकारात्मक समाचारों का प्रतिवेदन प्रात: 10 बजे के पूर्व विभागीय अधिकारियों द्वारा नोडल अधिकारी को भेजा जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने अनुशासनात्मक कार्यवाही लंबित विभागीय जांच, अनुकंपा पेंशन, सिविल सूट न्यायालयीन प्रकरण, विभिन्न आयोगों से प्राप्त पत्रों गीता भवन निर्माण,मिशन कर्मयोगी अभियान जिले में नवाचार तथा निर्वाचन नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्यों के संबंध में समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

**छात्रावासों का करें अधिकारी निरीक्षण:**
बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि अधिकारियों द्वारा रोस्टर अनुसार निरीक्षण किए जाए। निरीक्षण उपरांत पालन प्रतिवेदन अविलंब भेजा जाएं। उन्होंने छात्रावासों के संचालन एवं आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देश दिए।

**अर्द्धशासकीय पत्रों का उत्तर समय पर भिजवाएं:**
बैठक में कलेक्टर ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वरिष्ट। कार्यालयों, केन्द्रीय मंत्री से प्राप्त होने वाले अर्द्धशासकीय पत्रों का उत्तर समय पर भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री की जनुसनवाई एवं जनसंपर्क कार्यालय से प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने निर्माणाधीन आंगनवाडी केन्द्रो के कार्यों में प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया।



# सड़क दुर्घटनाएं रोकने वाहनों पर लगाई रेडियम पट्टी

**यातायात पुलिस ने की कार्रवाई**

**नई मंडी में पांच सैंकड़ा टेक्टर ट्रालियों पर लगाए**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** शीत ऋतु के आगमन के साथ जिले में प्रात: एवं रात्रि के समय घना कोहरा होने से सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाओं में वृद्धि हो जाती है। कोहरे के दौरान दृश्यता कम होने के कारण विशेषकर पुराने, बिना पेंट वाले तथा बिना रिफ्लेक्टर वाली ट्रैक्टर-ट्रालियां और लोडिंग वाहन सड़कों पर अन्य वाहन चालकों को समय रहते दिखाई नहीं देते, जिससे गंभीर दुर्घटनाएं होने का खतरा बढ़ जाता है। सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने और दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा निर्देशन पर कोहरे के मौसम में दृश्यता बढ़ाने हेतु थाना प्रभारी यातायात रक्षित निरीक्षक स्नेहा ठाकुर द्वारा अपने बल के साथ नई मंडी परिसर में विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान लगभग 500 ट्रैक्टर-ट्रालियों का निरीक्षण किया गया, जिनमें से अधिकतर पुरानी एवं बिना पेंट वाली ट्रालियां चिन्हित की गईं। इन वाहनों पर सड़क सुरक्षा मानकों के अनुरूप हाई-विजिबिलिटी रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए गए। इसके अलावा अभियान के दौरान चालक एवं किसानों को रिफ्लेक्टर सामग्री भी वितरित की गई तथा रात्रि में हेडलाइट/टेललाइट का उपयोग, धीमी गति से चलने, तथा सड़क के बाईं ओर से चलने संबंधी आवश्यक समझाईस दी गई। उन्हें यह भी अवगत कराया गया कि रिफ्लेक्टर लगने से वाहन 200-300 मीटर की दूरी से भी स्पष्ट दिखाई देते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की संभावनाओं में कमी आती है। इस दौरान सहायक उप निरीक्षक निरंजन सिंह, प्रधान आरक्षक देवेंद्र रघुवंशी, आरक्षक दीपक यादव, ज्ञान सिंह आदि मौजूद रहे।

## एक नजर में



### कलेक्टर द्वारा गणना पत्रकों के मेंपिंग तथा डिजिटाईजेशन की समीक्षा

**अशोकनगर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिले में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य जारी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह द्वारा गूगल मीट के माध्यम से गणना पत्रकों के मेंपिंग तथा डिजिटाईजेशन की समीक्षा विस्तार से की। उन्होंने तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए नियुक्त किये गये बीएलओ सुपरवाईजरों से गणना पत्रकों के मेंपिंग तथा डिजिटाईजेशन से अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। साथ ही निर्धारित समय सीमा में गणना पत्रकों के मेंपिंग तथा डिजिटाईजेशन का पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि इस कार्य में लापरवाही बरतने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाए। उन्होंने निर्देश दिए जिन गणना पत्रकों की मेंपिंग के कार्य का प्रतिशत कम है,वह अपने प्रतिशत बढाए। जिससे कार्य समय सीमा में पूर्ण हो सके।

### न्यू स्पोर्टस कॉम्पलेक्स हेतु आवंटित भूमि का बीडीसी ग्वालियर टीम ने किया सर्वे

**अशोकनगर।** जिला मुख्यालय पर बनने वाले मल्टीपरपज न्यू स्पोर्टस कॉम्पलेक्स हेतु कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशानुसार शंकरपुर पछार में भूमि आवंटित की गई है। आवंटित भूमि का सोमवार को ग्वालियर से आई बीडीसी टीम द्वारा सर्वे का कार्य किया गया।

# बदला जाए शासकीय सेवकों का दो बच्चों वाला नियम

## भारतीय मजूदर संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** भारतीय मजदूर संघ द्वारा कर्मचारियों की विभिन्न मांगो को लेकर एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा गया। जिसमें संविधा कर्मचारियों से लेकर अन्य श्रमिकों की मांगे रखी गई। इस दौरान ज्ञापन का वाचन भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री हरिसिंह रघुवंशी (हैरी) ने किया।

सोमवार को मुख्यमंत्री के नाम सौपे ज्ञापन में बताया गया है कि प्रदेश के विभागों में कार्यरत संविदा कर्मचारियों हेतु संविदा नीति 2023 की कडिका 9.8. 6.2 एवं 11.5 विलोपित कर सभी विभागों में एक समान नीति लागू की जाए, वर्ष 2007 से कृषि विभाग की आत्मा परियोजना के अंतर्गत कार्यरत किसान मित्र एवं दीदी को कांग्रेस सरकार द्वारा वर्ष 2019 में सेवा से पृथक कर दिया था, उन्हें पुन: बहाल किया जायें। शासकीय महाविद्यालयों प्राध्यापक / सहायक प्राध्यापक / ग्रन्थपाल /क्रीडाधिकारी के रिक्त पदों के विरुद्ध कार्यरत अतिथि विद्वानों को पदों हरियाणा राज्य शासन की नीति की तरह सिक्योरिटी ऑफ सर्विस प्रदान कर 65 वर्ष तक सेवा निरंतर करते हुए मासिक मानदेय एवं अन्य हित लाभ दिये जायें, शिक्षक भर्ती की न्यूनतम अर्हता प्राप्त एवं लम्बे समय से कार्यरत अतिथि शिक्षकों को उनके कार्य वर्षों के आधार पर अनुभव का लाभ (बोनस अंक) देकर भविष्य सुरक्षित किया जाये। इसके अलावा बिजली कम्पनियों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों को कार्य अनुभव के आधार पर बोनस अंक एवं आयु सीमा में छूट देते हुए समकक्ष पदो पर नियमित भर्ती में प्राथमिकता दी जायें, कम्पनी केडर के उच्च शिक्षा प्राप्त कनिष्ट अभियंताओं को सहायक अभियंता एवं उच्च शिक्षा डिपलोमा प्राप्त कर्मचारियों को कनिष्ठ अभियंताओं के पद पर नियुक्ति प्रदान की जाये। वहींअनुकम्पा नियुक्ति पर कार्यरत कर्मचारियों के सीपीसीटी परीक्षा के संबंध में पूर्ववर्ती नियमों अनुसार संशोधन किया जाकर सेवा सुरक्षित की जावे। म.प्र. शासन के शासकीय सेवकों / पेंशनरों को स्वास्थ्य बीमा का लाभ देने के संबंध में। राज्यशिक्षा सेवा में नियुक्त हुए अध्यापक संवर्ग (मुलत: शिक्षाकर्मी एवं संविदा शिक्षक) के सेवावधि की गणना उनके समस्त स्वत्वों के लिए प्रथम नियुक्ति दिनांक से करते हुए ग्रेच्युटी, अर्जित अवकाश एवं पेंशन निर्धारण हेतु मान्य करने बावत। नवनियुक्त कर्मचारियों के 70, 80, 90 प्रतिशत स्टायफंड व्यवस्था को समाप्त कर पूर्व की भांति नियुक्ति दिनांक से पूर्ण वेतन दिए जाने एवं परिवीक्षा अवधि 2 वर्ष किए जाने, दो से अधिक संतान वाले शासकीय सेवकों की दुर्भावना पूर्ण हो रही शिकायतों तथा नियमों की गलत व्याख्या से उन पर हो रही कार्यवाही पर रोक लगाते हुये इस नियम को समाप्त किया जाये। वहीं प्रदेश में कार्यरत पटवारियों का वेतनमान उन्नयन कर ग्रेड-पे रूपये. 2100 से रूपये. 2400 किया जावे, प्रस्ताव राज्य कर्मचारी आयोग में लंबित है। चालक परिचालक कल्याण बोर्ड के गठन की घोषणा अनुसार बोर्ड को क्रियाशील किये जाने सहित अन्य मांगे रखी। ज्ञापन देने दौरान आशा पर्यवेक्षक संघ की प्रदेश उपाध्यक्ष पूजा पटेल, जिलाध्यक्ष शिल्पा शर्मा, पेंशनर अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष अशोक शर्मा, प्रदेश सहकोषाध्यक्ष महेश शर्मा, जिलाध्यक्ष दिनेश बिरथरे, राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष संतोष शर्मा सहित संगठनों के सदस्य मौजूद रहे।





# लायंस क्लब का गर्ल्स स्कूल में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** लायंस क्लब वेस्ट द्वारा सोमवार को गर्ल्स स्कूल में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं पुलिस जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से सीएमएचओ डॉ. अलका त्रिवेदी, एसडीओपी विवेक शर्मा उपस्थित रहे। इस दौरान क्लब के अध्यक्ष धर्मेंद्र रघुवंशी द्वारा शिविर के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि करीब 1100 छात्राओं का होगा हेल्थ चेकअप किया जाएगा। जिसमें किशोरावस्था में बच्चियों को होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं को ध्यान में रखते हुए लायंस क्लब ने लगभग 1100 छात्राओं के ब्लड सैंपल लेकर उनका हीमोग्लोबिन टेस्ट कराने का निर्णय लिया है। वहीं जांच रिपोर्ट आने के बाद छात्राओं को तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाएग। वही कार्यक्रम में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे मुस्कान अभियान के बारे में एसडीओपी विवेक शर्मा एवं महिला उपनिरीक्षक पूजा रघुवंशी ने छात्राओं से संवाद किया।

इस दौरान उन्होंने बच्चियों को अपराधों की रोकथाम, सुरक्षा उपायों तथा आत्मविश्वास बढ़ाने से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। वहीं स्वास्थ्य विभाग से एड्स काउंसलर संतोष भार्गव द्वारा महिलाओं एवं लड़कियों में होने वाली गंभीर बीमारियों के प्रति उनका सचेत किया एवं उन्हें गंभीर बीमारियों के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर स्कूल प्राचार्य महेंद्र रघुवंशी, लायंस क्लब के वरिष्ठ सदस्य विष्णु शर्मा, कोषाध्यक्ष विष्णु शर्मा, सचिव संतोष शर्मा, शिक्षक अवधेश नारायण शर्मा, डॉक्टर सीपी यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने दिये गीता भवन बनाए जाने के निर्देश

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नगरीय विकास एवं आवास विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 शहरी के अंतर्गत आवास योजना के पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का सत्यापन कर पात्रता अनुसार पात्र हितग्राहियों की डीपीआर शासन को भेजे जाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री स्व निधि योजना अंतर्गत नगरीय निकायों को शासन से प्राप्त लक्ष्य अनुसार आवेदन बैंकों में तत्काल भेजें तथा पूर्व से बैंकों में वितरण हेतु लंबित प्रकरणों में राशि वितरण कराकर निराकरण करें। समस्त नगरीय निकायों में गीता भवन बनाये जाना है इसके लिये भूमि का चिन्हांकन कर भूमि आवंटन के लिये प्रस्ताव भेजें। अमृत 2.0 योजना अंतर्गत स्वीकृत कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करायें। साथ ही निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। अमृत हरित पौधरोपण महाअभियान के अंतर्गत पौधारोपण की प्रगति बढाये जाने के निर्देश दिये गये। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सडक एवं नालियों की सफाई पर विशेष ध्यान देकर सफाई कार्य का कराया जाए। उन्होंने नगरीय निकाय द्वारा राजस्व बसूली की प्रगति कम होने पर वसूली बढाये जाने के निर्देश दिये गये। सभी प्रतिष्ठानों,सरकारी और निजी का अग्नि सुरक्षा ऑडिट प्राप्ते आवेदनों का निराकरण करें। जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण करें।

# पंचायत एवं ग्रामीण विकास की बैठक संपन्न

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पंचायत ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि आगामी लक्ष्यों को लेकर अधिकारी विशेष ध्यान दे और लक्ष्यों को समय पर पूरा करें। साथ ही योजनावार बजट पर विशेष ध्यांन दिया जाएं। उन्होंने कलेक्टर/कमिश्नर कांफ्रेस में की गई पंचायत राज्य से संबंधित विषयों पर विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने एक बगिया मां के नाम की जनपदवार प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश। उन्होंने निर्माणाधीन 6 गौशालाओं के कार्य की अद्यतन जानकारी लेकर निर्देश दिए कि पूर्ण हो चुकी गौशालाओं का अधिपत्य पंचायतों को सौंपा जाकर गौशालाओं का संचालन प्रारंभ कराया जाए। उन्होंने श्माशान घाट, शांतिधाम के निर्माण के संबंध में समस्त सीईओ जनपद पंचायतों को निर्देशित किया। उन्हों्ने चयनित वृंदावन ग्रामों की कार्ययोजना तैयार कर कार्य कराये जाने,ग्रामीण नलजल योजनांतर्गत हस्तांनांतरण संचालन एवं संधारण के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास एवं पीएम जनमन की प्रगति एवं समावेशी विकास पर चर्चा की गई। उन्होंने जलसंवर्धन के अंतर्गत जल संरचनाओं के संरक्षण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। आजीविका सृंजन की गतिविधियों के तहत स्व सहायता समूहों को और अधिक प्रभावी बनाये जाने की बात कहीं।

**कार्यक्रम**

**द्रोपदी पब्लिक स्कूल में हुआ मुस्कान अभियान के तहत कार्यक्रम**

# बाल विवाह समाज के लिए हानिकारक : सिकरवार

नवभारत न्यूज

**शाढ़ौरा।** द्रोपदी पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में शाढ़ौरा पुलिस विभाग द्वारा मुस्कान विशेष अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में टीआई सुनील सिकरवार, स्कूल के डायरेक्टर एवं बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर शर्मा,एएसआई जितेंद्र रघुवंशी उपस्थित रहे। इस दौरान थाना प्रभारी सुनील सिकरवार ने विद्यार्थियों को बताया कि लड़कियों के लिए विवाह की न्यूनतम आयु 18 वर्ष क्यों निर्धारित की गई है, बाल विवाह समाज के लिए कितना हानिकारक है और इसे रोकना आवश्यक है। उन्होंने बढ़ते साइबर अपराधों पर विस्तृत जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को सतर्क रहने की सलाह दी। एएसआई जितेंद्र रघुवंशी और अन्य अधिकारियों ने बाल मजदूरी को रोकने के उपायों के बारे में जागरूकता बढ़ाई। स्कूल के डायरेक्टर एवं बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि माता-पिता से बढ़कर कोई नहीं होता और प्रत्येक विद्यार्थी यदि अपने अंदर सकारात्मक बदलाव लाए, तो वह देश में बड़ा परिवर्तन ला सकता है। उन्होंने बच्चों को अनुशासन, जिम्मेदारी और नैतिक मूल्यों के पालन की प्रेरणा दी। उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में सुरक्षा, जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना रहा। इस मौके पर कॉन्स्टेबल प्रशांत खटीक स्कूल के सहायक निदेशक हिमांशु उपाध्याय और प्राचार्य अजय शर्मा सहित स्टॉफ मौजूद रहा।




### आजाद खान का शस्त्र लायसेंस निलंबित

**अशोकनगर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आदित्य सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर आजाद खान पुत्र अलीम खान निवासी कोलुआ थाना देहात हॉल निवास आजाद मोहल्ला थाना कोतवाली अशोकनगर के विरूद्ध 10 अपराध प्रकरण दर्ज होने पर अवर्जित 32 बोर पिस्टल शस्त्र लायसेंस निलंबित किया गया है। उल्लेखनीय है कि आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने को दृष्टिगत रखते हुए एवं लोक शांति की दृष्टि से आयुध अधिनियम 1959 की धारा 17(3) के तहत शस्त्रा लायसेंस के निलंबन की कार्यवाही की गई। उल्लेखनीय है कि हाल में पुलिस कार्यवाहीं के दौरान आजाद खान का नाम ऑनलाइन सट्टा में आया था, जिसके बाद पुलिस द्वारा उसके घर पर छापामार कार्यवाहीं करते हुए उसके घर पर पुलिस ने नोटिस चस्पा किया था।




# बहादुर नर्सिंग ऑफिसर को कलेक्टर ने प्रशंसा पत्र देकर किया सम्मानित

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक में नर्सिंग ऑफिसर जिला चिकित्सालय गायत्री चौधरी को अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा एवं कुशलतापूर्ण तरीके से निर्वहन करने पर प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

उल्लेखनीय है कि 29 अक्टूबर को रात्रि 11 बजे अपनी ड्यूटी के दौरान जिला चिकित्सालय के सर्जिकल वार्ड में भर्ती मरीज एवं उनके परिजनों को शराब का सेवन करते हुये पाये जाने पर अपने कार्यस्थल को मंदिर बताकर उनको ऐसा कार्य न करने की समझाईस देकर शराब का सेवन करने से रोका गया। इस प्रकार निडर होकर आपने अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा एवं कुशलतापूर्ण तरीके से निर्वहन किया गया। कलेक्टर द्वारा किये गये इस कार्य की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही भविष्य में भी इसी प्रकार अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन पूरी सूझबूझ,परिश्रम एवं समर्पितभाव के साथ करती रहें।


**नाम परिवर्तन**

पूर्व में सभी डोक्यूमेंट मे मेरा नाम आशुतोष कुमार श्रीवास्तव था जो कि वर्तमान में परिवर्तित होकर आशुतोष श्रीवास्तव हो चुका है और वर्तमान में मुझे आशुतोष श्रीवास्तव के नाम से जाना जाता है धन्यवाद

**आशुतोष श्रीवास्तव**
**पुत्र श्री अशोक कुमार श्रीवास्तव**
**चंदेरी जिला अशोकनगर**